🚖 जनपद- हाथरस 🚖

♦️ प्रेस नोट सं0- 1963 ♦️

🔷 दिनांक- 28.12.2024 🔷

थाना चन्दपा पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही मे थाना चन्दपा क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल, लूटी हुई मोटरसाईकिल के खुले हुए पार्ट्स व मोटरसाईकिल खोलने के औजार आदि बरामद ।

अवगत कराना है कि दिनांक 26/12/2024 को मनीष कुमार पुत्र श्री हरीशचन्द्र निवासी ग्राम पैकवाडा थाना चन्दपा जनपद हाथरस द्वारा थाना चन्दपा पर सूचना दी कि वह गोपाल गजक स्टोर बैनीगंज में कार्य करता है। दिनांक 25.12.2024 को समय करीब 22.00 बजे वह दुकान बन्द कर परसारा रोड से अपने गांव जा रहा था तभी रास्ते में अपना घर आश्रम से पहले एक मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात व्यक्ति आये औऱ मोटरसाइकिल व मोबाइल लेकर भाग गये। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना चन्दपा पर सुसंगत धाराओँ में पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में टीमों का गठन कर घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था, तथा एसओजी व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था। जिसके क्रम में टीमों के कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त तथा सर्विलांस सैल की टैक्निकल ऐड, सीसीटीवी फुटेज, धरातलीय साक्ष्य आदि लाभप्रद सूचनाओं के अभिसंकलन से थाना चन्दपा पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही मे आज दिनांक 28/12/2024 को गोपाल गजक स्टोर कर्मचारी के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुये बघना रोड पर बन्द पडे ठेके के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल, चोरी की हुई स्पलैण्डर मोटर साईकिल एवं मोटरसाईकिल खोलने के औजार बरामद हुए है।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त ललित द्वारा पूछताछ में जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि एक पतला-दुबला व्यक्ति प्रतिदिन नई मोटरसाईकिल लेकर 9-10 बजे करीब परसारा की ओर जाता है, बहुत आसान सा टारगेट है। जिसकी अजय उर्फ डैनी व अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना की योजना बनाई और दिनांक 25/12/2024 की रात्रि में मोटरसाईकिल अपाचे से मौका देखकर वादी से मोटरसाईकिल व मोबाइल फोन लूट लिया था। लूटी हुई मोटरसाईकिल को हम लोग योजनानुसार बरसात के मौसम का फायदा उठाकर काटकर बेचने के लिए उसके पार्ट्स खोल रहे थे।

घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे है, शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पता-

1. ललित पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम बोझिया थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।
2. अजय उर्फ डैनी पुत्र चरन सिंह मीना निवासी ग्राम बोझिया थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।

बरामदगी का विवरण-

1. एक मोटरसाईकिल HF DELUX बिना नम्बर, चेसिस नं0 MBLHAC028K9J0806 इंजन नं0 HA11EMK9J11728 । (घटना में प्रयुक्त)
2. एक मोटरसाईकिल स्पलेंडर इंजन नं0 HA11E7RHH65515, चेसिस नं0 MBLHAW224RHH62430 । (लूटी हुई)
3. मोटर साईकिल खोलने के औजार(टूल्स) ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त ललित उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 148/21 धारा 147/148/149/323/352/427/452/506 भादवि 3(2)5 एससी/एसटी अधिनियम थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस ।
2. मु0अ0सं0 182/19 धारा 147/323/325/342/427/504 भादवि थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस ।

पंजीकृत अभियोग

मु0अ0सं0 280/24 धारा 309,317(2),61(2) बीएनएस थाना चन्दपा जनपद हाथरस ।

गिरफ्तार करने वाली टीम के नाम-

1. निरीक्षक अपराध श्री जयप्रकाश सिंह मय टीम थाना चन्दपा जनपद हाथरस ।
2. निरीक्षक श्री गिरीश चंद्र गौतम प्रभारी एसओजी टीम मय टीम जनपद हाथरस ।

MEDIA CELL HATHRAS